St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Grammar : (2nd Term) **(Worksheet –15)** **Date: 28.09.2020**
Topic: अपठित गदयांश **Class -3**

खेल मनोरंजन के सबसे पुराने तथा सस्ते साधन हैं | ये मनोरंजन के साथ - साथ हमें स्वस्थ और निरोगी भी रखते हैं | पुराने ज़माने में लोग जानवर की दौड़ , पक्षियों की लड़ाई , शतरंज , कुश्ती , तलवारबाज़ी तथा तीरंदाज़ी जैसे खेल खेलते थे | फिर धीरे - धीरे फुटबॉल, हॉकी और क्रिकेट जैसे खेल आए और आजकल वीडियो गेम , कम्प्यूटर गेम जैसे खेलों ने खेलने का तरीका ही बदल दिया है | पुराने ज़माने के खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मज़बूत बनाते थे लेकिन आजकल के कुछ खेल हमारे समय और शरीर की बरबादी का कारण बनते जा रहे हैं | अगर हम उन्हें भी ठीक ढंग से खेलें तो ये भी मनोरंजन के अच्छे साधन होने के साथ - साथ हमारे लिए लाभदायक हो सकते हैं |

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नो के उत्तर दो :-

1 खेलों से हमें क्या लाभ हैं ?

2 पुराने ज़माने में लोग कौन - कौन से खेल खेलते थे ?

3 आजकल कौन - कौन से खेल खेलें जा रहे हैं ?

4 पुराने ज़माने के खेलों से क्या लाभ था ?

5 आजकल के खेलों से क्या हानि है ?

खाली जगह भरो :-

6 खेल ___________ के पुराने साधन है |

7 खेल हमें स्वस्थ और _______ भी रखते है |

8 अनुच्छेद का उपयुक्त शीर्षक बताओ :-

दो विशेषण छाँटकर लिखो :-

9 _________

10 ________

विलोम शब्द लिखो :-

11 शारीरिक -________

12 स्वस्थ -__________

13 वचन बदलो :-

पक्षियों =___________

14 दो पर्यायवाची शब्द लिखो :-

शरीर -____________

15 वाक्य बनाओ :-

लाभदायक = ____________________

Poonam Mehra